✓ कमर व पेडू में दर्द
✓ खून की कमी
✓ कमज़ोरी व थकान
✓ हथेली व तलवों में जलन
✓ हार्मोन्स का असंतुलन
✓ खून साफ़ करे
✓ रूप निखारे आदि में सहायक

90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111, rajvaidyacare@gmail.com

बिहार में समृद्धि यात्रा • जमुई में सीएम नीतीश की बात पर चर्चा का दौर

सम्राट के कंधे पर हाथ रख बोले नीतीश- ये काम करेंगे, लालू-राबड़ी पर भी हमला

भास्कर न्यूज़ | जमुई/नवादा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखकर पब्लिक से कहा- अब ये सब काम करेंगे। नीतीश, बुधवार को जमुई में 'समृद्धि यात्रा' के दौरान सभा को संबोधित कर रहे थे। उनकी यह बात बिहार के 'भावी सीएम' के संकेत के रूप में प्रचारित हुई। खासकर राजनीतिक गलियारे में इसकी खासी चर्चा रही। उन्होंने जमुई में स्टील प्लांट व एथेनॉल फैक्ट्री तथा जुलाई से हरेक ब्लॉक में डिग्री कॉलेज खुलने की बात कही। नवादा भी गए। जमुई व नवादा में कुल 1213 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इशारों में लालू-राबड़ी पर हमला बोला। कहा- इनकी सरकार ने कुछ नहीं किया। सब हमने किया।

उन्होंने लछुआड़ (जमुई) में 914 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। 2005 से पहले और अभी के बिहार की तुलनात्मक चर्चा की। कहा-पहले लोग शाम के बाद घर से निकलने में डरते थे। आज देर रात भी बेधड़क घूमते हैं। इसी दौरान वे मंच पर खड़े सम्राट चौधरी के पास गए। उनके कंधे पर हाथ रखा। उन्हें माइक के पास लाए और कहा कि अब ये सब

जमुई में स्टील प्लांट व एथेनॉल फैक्ट्री खुलेगी

जमुई में सभा में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखे सीएम काम करेंगे। राज्य का काफी विकास होगा। इसी तरह सब काम होंगे। बोले- सरकार 50 लाख घरों में सोलर ऊर्जा उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने नवादा में 299 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया।

'यूपी में पंचायत चुनाव समय पर क्यों नहीं करा रहेः हाईकोर्ट

भास्कर न्यूज़ | प्रयागराज

पंचायत चुनाव समय सीमा के भीतर चुनाव क्यों नहीं करवाए जा रहे हैं? संवैधानिक समयसीमा के भीतर चुनाव प्रक्रिया पूरी कर पाएंगे या नहीं?' यह सवाल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को यूपी राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा है। कोर्ट ने ग्राम पंचायत चुनाव- 2026 को लेकर आयोग से चुनाव की तैयारियों की स्थिति साफ करने को कहा है।

दरअसल, यूपी में पंचायत चुनाव टाले जाने का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। मंगलवार को याचिकाकर्ता इम्तियाज हुसैन की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें मांग की गई है कि जिला पंचायत का कार्यकाल समाप्त होने से पहले पंचायत चुनाव की पूरी प्रक्रिया के लिए विस्तृत और समयबद्ध कार्यक्रम कोर्ट के सामने पेश किया जाए। मामले की सुनवाई जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डिवीजन बेंच ने की। अब कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को दोपहर 2 बजे करेगी। याचिकाकर्ता इम्तियाज हुसैन ने कोर्ट में दलील दी कि संविधान के अनुच्छेद 243E के अनुसार पंचायत का कार्यकाल उसकी पहली बैठक की तारीख से अधिकतम 5 साल तक ही हो सकता है, इससे ज्यादा नहीं। इसलिए समय पर चुनाव कराना जरूरी है।

अस्पष्ट शपथ पत्र पर हाईकोर्ट नाराज, सरकार से मांगा पूरा ब्योरा

रांची। कोडरमा के चंदवारा क्षेत्र में 87.41 एकड़ सरकारी जमीन पर कथित कब्जे के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने सरकार द्वारा दाखिल शपथ पत्र पर असंतोष जताते हुए इसे अस्पष्ट करार दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि शपथ पत्र में कई अहम जानकारियां नहीं दी गई हैं। कब्जे वाली जमीन का कितना हिस्सा खाली है, इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं है। साथ ही विवादित जमीन का दायरा भी स्पष्ट नहीं किया गया है। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताई कि रिकॉर्ड में न नक्शा दिया गया है, न प्लान और न ही फोटो।

पूर्व विधायक के घर विस्फोटक बन रहा था, बेटों समेत 6 पर केस

फर्रुखाबाद | सपा के पूर्व विधायक विजय सिंह के घर में विस्फोटक बनाया जा रहा था। यह दावा पुलिस ने अपनी एफआईआर में किया है। विस्फोट की चपेट में आकर पूर्व विधायक के 2 बेटों समेत 6 लोग घायल हुए थे। इन सभी पर केस दर्ज हुआ है। मंगलवार शाम पूर्व विधायक के तीन मंजिला घर में विस्फोट हुआ था। इससे बेसमेंट की छत उड़ गई, तीसरी मंजिल तक खिड़कियां टूट गई थीं। शुरुआत में सिलेंडर फटने की आशंका थी, लेकिन पूर्व विधायक की पत्नी ने इस बात से इंकार किया था। जब पुलिस जांच करने पहुंची तो सिलेंडर में विस्फोट के सबूत नहीं मिले। घर के भीतर गंधक (बारूद) की बू आ रही थी। पुलिस ने अपनी FIR में बताया, मकान में विस्फोटक इकट्ठा किया गया था। बन भी रहा था। पूरी बिल्डिंग को सील कर दिया गया है।

अपनी गैस को दोगुना समय तक चलाइए

900 ग्राम चावल और 350 ग्राम तुवर (अरहर) दाल पकाने के लिए लगने वाली गैस	
साधारण गैस स्टोव और खुला बर्तन:	126 ग्राम
साधारण गैस स्टोव और प्रेशर कुकिंग:	96 ग्राम
हॉकिन्स फ्यूल सेवर गैस स्टोव और हॉकिन्स की पद्धति से हॉकिन्स कुकर में:	56 ग्राम

हॉकिन्स टेस्ट किचन द्वारा किए गए प्रयोगों के आधार पर।

एलपीजी इक्विपमेंट रिसर्च सेंटर, बेंगलुरू के साथ सहयोग से विकसित

Hawkins
Fuel Saver
Gas Stove

हॉकिन्स की पद्धति देखें

Hawkins

अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ 74% ईंधन दक्षता

इंडियनऑयल
IndianOil
CIN : L23201MH1959GOI011388

(रिफाइनरी प्रभाग)
पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स

अतिथि कन्सलटेंट (डेंटल सर्जनस्) के लिए साक्षात्कार 21.03.2026 को प्रातः 09.00 बजे से शाम 17.00 बजे तक पानीपत रिफाइनरी गेस्ट हाउस, आईओसीएल, पीआरपीसी टाउनशिप, पानीपत हरियाणा में आयोजित किया जायेगा।

विजिटिंग कन्सलटेंटस	अर्हता, एमडीएस (पीजी कोर्स) पूरा होने के उपरांत अनुभव के वर्ष	पदों की संख्या
डेंटल सर्जन	• एमडीएस (पीजी कोर्स), साथ में पीजी उपरांत 5 वर्ष का कार्यानुभव • अधिकतम आयु सीमाः अभ्यार्थियों की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए	5

कन्सलटेंट की सेवाएं 1 वर्ष की अवधि के लिए पूर्णतः संविदा के आधार पर हैं जिसे आईओसीएल के पूर्ण विवेक पर एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। पानीपत रिफाइनरी अस्पताल के डेंटल क्लीनिक में ऊपर सारणीबद्ध अंश-कालिक सेवा प्रदान करने के इच्छुक कन्सलटेंटस डेंटल सर्जन लिखित तिथि 21.03.2026 और समय के अनुरूप सीधा साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं।

समयावधि : प्रातः 09.00 बजे से शाम 17.00 बजे तक

स्थानः पानीपत रिफाइनरी गेस्ट हाउस, आईओसीएल, पीआरपीसी टाउनशिप, पानीपत हरियाणा।

सामान्य अनुदेश और पात्रता मानदंड

- अधिकतम आयु सीमाः विनियोजन की अधिकतम आयु सीमा दिनांक 31.03.2026 को 65 वर्ष से अधिक नहीं हो।
- साक्षात्कार के लिए अपेक्षित दस्तावेजः साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो रहे अभ्यार्थियों के लिए पासपोर्ट आकार के फोटो की 2 प्रतियों के साथ सभी मूल दस्तावेज और स्वयं सत्यापित फोटोप्रतियों का एक सेट, सत्यापन हेतु लेकर आना अपेक्षित है। दस्तावेजों में निम्नलिखित शामिल हैं, परंतु इन्ही तक सीमित नहीं हैं: • पहचान का प्रमाण, • पते का प्रमाण, • आयु का प्रमाण, • अर्हता का प्रमाण (डिग्री की संबंधित शाखा के उल्लेख के साथ बीडीएस और एमडीएस), • अर्हता उपरांत कार्यानुभव। अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल होने पर उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।
- निरस्तीकरण का अधिकारः सत्यापन के समय यदि अभ्यर्थी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल होता है तो स्वामी/प्रबंधन के पास उम्मीदवारी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
- चयन प्रक्रियाः चयन समिति द्वारा साक्षात्कार/संवाद के समय डॉक्टरों के प्रदर्शन के आधार पर डॉक्टरों का चयन किया जाएगा। साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने वाले अभ्यार्थीओं के चयन के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार आईओसीएल के पास रहेगा।

CELEBRATING 42 YEARS OF TRUST
THE LIQUID GOLD
स्वाद वो जो बना दे बात
मनभाती महक, लाजवाब स्वाद, भरपूर पौष्टिकता
सोना सिक्का®©

महंगा है पर खरा है! स्वाद और सेहत से भरा है

ISO 22000 2018

शुद्धता, सेहत और स्वाद से भरपूर हो हर त्यौहार
शुद्धता से निर्मित सोना सिक्का तेल में पकवान बनायें
सोना सिक्का सैफ्रॉन से सजाएं, त्यौहारों की रौनक बढ़ायें
शुद्ध व स्वादिष्ट व्यंजन खुद भी खायें सबकों खिलायें।

BEST CHOICE REFINED GROUNDNUT OIL
शुद्धता से समझौता नहीं
SONA SIKKA

सोना सिक्का परिवार की ओर से
चैत्रनवरात्रि और हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रीमियम कच्ची घानी सरसों तेल | रिफाइंड मूंगफली तेल | डबल फिल्टर्ड मूंगफली तेल

मिलते-जुलते नाम और अशुद्ध ब्रांड से सावधान. आपके स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ नहीं

42 वर्षों से शुद्धता के हर मापदंड पर खरा उतरा है, इसलिए बेस्ट है सोना सिक्का

खुशबू, स्वाद और सेहत से भरी सोना सिक्का सैफ्रॉन (प्रीमियम कश्मीरी केसर)
शुद्ध तेल में बनाओं शुद्ध सैफ्रॉन से सजाओ

SHAKUN

आज ही बने प्रसिद्ध कुकिंग आयल ब्रांड सोना सिक्का के डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर, सम्पर्क करें : 9636316004, 9352743275 - टोल फ्री नंबर : 1800 313 3292

Already Available at :
कृष्णा सेल्स — जींद, घंटा घर के पास, जनता बाजार, जींद (हरियाणा) 126102 - अमन गोयल - 94160-10953
आगरा एजेंसीज — 2/33, सिंगी गली, छत्ता बाजार, आगरा (उत्तर प्रदेश) 282004 - साजिद हुसैन - 89797-32420
धूजीमल दाऊ दयाल — 71/56, कोतवाली रोड, छगनपुरा, मथुरा (उत्तर प्रदेश) 281001 - धूजीमल - 94127-28582

SHYAM AND SHYAM OILS PVT. LTD. JODHPUR
Plot No. B 5,6,7 (A), 1st Phase, Basni Industrial Area, Jodhpur (Raj.) 0291-2512333, 2512338 sonasikka.com | info@sonasikka.com | sonasikka
Available on : amazon Flipkart